प्राचार्य का कार्यालय, दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय, लहेरियासराय ।
ज्ञापांक 2771/........ /लहेरियासराय दिनांक– 09/07/22

## निविदा सूचना

भारतीय चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली के मापदण्ड, को पूर्ण करने हेतु दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय, लहेरियासराय के केन्द्रीय पुस्तकालय एवं विभागीय पुस्तकालय के लिए वित्तीय वर्ष 2022–23 में मेडिकल पुस्तकों नवीनतम एवं मूल संस्करण, विभिन्न विषयों / विशेषताओं के जर्नल (राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय) की आपूर्ति करने हेतु प्रकाशकों, प्राधिकृत वितरको अथवा अधिकृत विक्रेताओं जो FPBA, नई दिल्ली के मापदण्डों के शर्त्तों को पूरा करते हैं एवं जी0 ओ0 सी0 के द्वारा पूस्तकों / जर्नलों की आपूर्ति के प्राधिकृत एजेन्ट हों वे निम्न शर्त्त और स्थिति ( Terms and Condition ) के साथ विज्ञापन के प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर मुहरबन्द लिफाफे में निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा समर्पित करेंगे। 21 वे दिन अगर किसी प्रकार का अवकाश रहता हैं या किसी अपरिहार्य कारण से प्राचार्य कार्यालय बंद रहता है तो उससे अगले दिन तक निविदा प्राप्त की जायेगी। निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अगले दिन क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। जिसमें निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

### निविदा की शर्त्त है–

निविदा दो प्रकार की होगीः– (क) तकनिकी निविदा (ख) वित्तीय निविदा दोनो प्रकार की निविदा अलग–अलग लिफाफों में मुहरबंद होनी चाहिये तथा संबंधित लिफाफे के उपर तकनिकी एवं वित्तीय निविदा स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिये। प्रत्येक लिफाफे पर निविदादाता का नाम एवं पूर्ण पता मोबाइल नं0 सहित होना चाहिये। दोनों मुहरबंद लिफाफे को एक अलग बडे लिफाफे में मुहरबंद होना चाहिये। अगर दोनो निविदा निबंधित डाक द्वारा अलग–अलग समर्पित की जाती है तो उस पर विचार नही किया जायेगा।

1– निविदा के साथ अग्रधन राशि के रूप में प्राचार्य, दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय, लहेरियासराय के पदनाम से जारी रु0 100000=00 (एक लाख रूपये) मात्र का राष्ट्रीय बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा अस्वीकृत होने पर निविदादाताओं द्वारा दिए गए डाक टिकट लगे लिफाफे में अग्रधन की राशि वापस कर दी जाएगी।

2– निविदादाता को पिछले 10 सालो का (The Federation of Publisher's and Book sellers Association in India) सदस्यता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

3– निविदादाता को सभी राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय जिसमें Oxford University press, combridge University press, WHO Tylor & Francis, Wolter Kluwer, Elsevier, इत्यादि प्रकाशकों का अधिकृत वितरक का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य हैं

4– निविदा के साथ पैन कार्ड की छाया प्रति, आयकर एवं जी0 एस0 टी0 संबंधित अधतन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न होना चाहिए एवं पैन कार्ड कंपनी या फार्म के नाम से होना अनिवार्य है।

5– निर्यात (EXPORT) एवं आयात (IMPORT) का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य हैं।

6– निविदादात को पिछले 5 (पाँच) सालो में पाँच सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में लगातार पुस्तकों / जर्नलों की आपूर्ति का क्रयादेश की छाया प्रति लगाना अनिवार्य हैं।

7–निविदादाता को पिछले 5 (पाँच) सालों का 2(दो) करोड़ से ज्यादा का वार्षिक(Turn over)Balance sheet C.A द्वारा प्रमाणित एक छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।

8–निविदादाता को कम से कम 5(पाँच) सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों के द्वारा प्रमाणित संतोषजनक सेवाओं का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

9– 100=00 (एक सौ) रूपये के Non-judicial स्टाम्प पेपर पर नोटरी पब्लिक द्वारा फार्म / आपूर्तिकर्ता को काली सूची में नही होने एवं पुस्तकों, / जर्नलों का दर प्रकाशकीय दर से अधिक नहीं होने एवं आपूर्ति किए जाने वाले पुस्तक मूल एवं नवीनतम संस्करण की होगी, एवं निविदादाता द्वारा इस बात की घोषणा होनी चाहिए की मेरे द्वारा निविदा में संलग्न सभी कागजात सही है, का मूल शपथ–पत्र स्व–हस्ताक्षरित संलग्न करना अनिवार्य है।

10–सभी पुस्तको / जर्नलो की आपूर्ति एफ ओ आर केन्द्रीय पुस्तकालय,दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय, लहेरियासराय,दरभंगा होगी।

11–किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित है।

12–किसी भी तरह के विवाद का निपटारा दरभंगा (बिहार) स्थित न्यायालय में होगा।

13–अंतिम प्राप्त तिथि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार हेतु खोला नहीं जायेगा।

14–निविदा टंकित/कम्प्युटराईज्ड होना अनिवार्य है। हाथ से लिखा मान्य नहीं होगा।

15–आपूर्तिकर्ता को क्रय आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के अन्दर सभी पुस्तकों की आपूर्ति करनी होगी । निर्धारित अवधि में विलम्ब होने पर एक हजार रूपया प्रतिदिन के हिसाब से विलम्ब शुल्क लगेगा एवं क्रयादेश के 30 वें दिन भी आपूर्ति नहीं करने के उपरांत क्रयादेश रदद् कर दिया जायेगा।

16–आपूर्ति के बाद C.F.M.S के द्वारा भुगतान किया जायेगा।

17–निविदा में पुस्तक / जर्नल हेतु अलग–अलग छूट संबंधी विवरण देना आवश्यक होगा।

18–निविदा में संलग्न सभी पृष्ठ पृष्ठांकित होंगे तथा निविदादाता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होंगे एवं निविदा के प्रथम पृष्ठ पर निविदा में संलग्न सभी कागजातों की सूची (Index), विवरणी टंकित करना अनिवार्य है।

19–पुस्तकों / जर्नलों का अधिकतम मूल्य प्रकाशकीय दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। विपत्र के साथ आपूर्तिकर्ता प्रकाशक दर की मूल्य सूची/कैटलग भी देंगे।

20–मेडिकल पुस्तकों / जर्नलों की सूची केन्द्रीय पुस्तकालय में कार्य दिवस में 12 बजे पूर्वाहन से 4बजे अपराहन तक निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं या कार्यालय के वेबसाईट– www.darbhangamedicalcollege.com पर देखी जा सकती है।

21–वित्तीय निविदा में पुस्तकों / जर्नलों की सूची का मूल्य भारतीय रूपये में GST रहित एवं GST सहित Excel Sheet में CD के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

22–निविदा हेतु Excel Sheet का प्रारूप।

| Sl.No. | Author | Name of books | Price | Discount | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

Sd/-
प्राचार्य
दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय
लहेरियासराय

ज्ञापांक 2771 लहेरियासराय, दिनांक– 9/7/2022

प्रतिलिपि – आयुक्त, दरभंगा प्रमण्डल,दरभंगा / जिलाधिकारी, पदाधिकारी,दरभंगा /जन सम्पर्क पदाधिकारी, दरभंगा / अधीक्षक, दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, लहेरियासराय / जिला लेखा पदाधिकारी, दरभंगा एवं एक प्रतिकार्यालय सूचना पट।

प्राचार्य
दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय
लहेरियासराय।

O/C

09/07/22
Librarian
Darbhanga Medical College Library
LAHERIASARAI

09.07.2022
Secretary
Darbhanga Medical College Library
LAHERIASARAI